हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 28 नवंबर 2024

## किराना व्यापारी से फिरौती मांगी

**नागपुर।** पांचपावली पुलिस ने एक किराना व्यापारी से फिरौती मांगने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मंगेश उर्फ बजरंगी सुरेश चिरूडकर (21) कांजी हाउस चौक, इंदिरा माता नगर, यशोदरा नगर निवासी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी महादेव राव गोखले (36) नाईक तालाब बांग्लादेश निवासी किराना व्यापारी हैं और उनकी इतवारी में किराना दुकान है। 15 अक्टूबर की रात करीब 11:15 के दौरान खाना खाने के बाद चंद्रशेखर अपने घर के सामने ही टहल रहे थे। इस दौरान एक युवक उसके पास पहुंचा और उससे कहा कि 'तूने अपना घर बहुत अच्छा बनाया है, मुझे 500000 देने होंगे, नहीं तो नहीं तो तुझे आधे घंटे में बताता हूं' इस तरह बोलकर निकल गया। करीब 2 घंटे के बाद यह युवक अपने एक साथी के साथ दोबारा चंद्रशेखर के घर पर पहुंचा और उसे घर के बाहर से आवाज देकर बाहर बुलाने लगा। हालांकि तब चंद्रशेखर घर के बाहर नहीं निकले इसके बाद आरोपी वहां से चले गए।



## एनसीपी ने किया फडणवीस का स्वागत

**नागपुर।**

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नागपुर हवाई अड्डे पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नागपुर शहर द्वारा स्वागत किया गया। इस समय राकांपा शहर अध्यक्ष प्रशांत पवार, पूर्व नगरसेवक राजेश माटे, दक्षिण पश्चिम अध्यक्ष संदीप सावरकर, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद यादव, पूर्व अध्यक्ष अमरीश ढोरे, महासचिव मिलिंद महादेवकर, उपाध्यक्ष निलिकेश कोल्हे, उपाध्यक्ष मिलिंद जगताप, उपाध्यक्ष अल्हाद, जगम राहुल ठाकुर और राहुल आमदरे उपस्थित थे।

# आरोपी रितिका मालू को मिली जमानत

## 60 दिनों के भीतर आरोपपत्र दायर करने में विफल रही सीआईडी

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने तहसील पुलिस को अंधेरे में पाए जाने के बाद रामझूला दुर्घटना मामले की जांच राज्य आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी थी। सभी को लगा कि सीआईडी मामले को प्रभावी ढंग से संभाल लेगी। लेकिन, 'सीआईडी' ने भी इस मामले को लेकर नाकामयाब रही हैं। सीआईडी 60 दिनों के भीतर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में आरोप पत्र दाखिल नहीं कर पायी। जिसके चलते आरोपी रितिका उर्फ रितु दिनेश मालू (39) को जमानत दे दी गई है।

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ए.वी खेडकर-गराड ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। तहसील पुलिस ने मालू पर आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या), 279 (लापरवाही से गाड़ी चलाना), 336 (मानव जीवन को खतरे में डालना), 338 (गंभीर चोट पहुंचाना), 427 (आर्थिक क्षति पहुंचाना) और मोटर वाहन की धारा 185 (शराब) के तहत मामला दर्ज किया है। एक्ट. धारा 184 (नशे में गाड़ी चलाना) और धारा 184 (रैश ड्राइविंग) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

इनमें से आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 (नशे में



गाड़ी चलाना) केवल दो गैर-जमानती अपराध हैं। साथ ही इन सभी अपराधों में से केवल आईपीसी की धारा 304 में आजीवन कारावास से लेकर 10 साल की कैद तक की अधिकतम सजा का प्रावधान है। सीआरपीसी की धारा 167 के अनुसार, मौत, आजीवन कारावास और 10 साल से अधिक की सजा वाले मामलों में आरोपी की गिरफ्तारी के 90 दिनों के भीतर और

### जांच अधिकारी से जवाब तलब

राज्य अपराध जांच विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नयन अलुरकर इस मामले की जांच कर रहे हैं. इसलिए अदालत ने अलूरकर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया कि आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र क्यों नहीं दायर किया गया है।

अन्य मामलों में 60 दिनों के भीतर सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करना अनिवार्य है।

मजिस्ट्रेट खेडकर-गराड ने यह घोषणा करते हुए मालू को जमानत दे दी कि रिकॉर्ड पर विभिन्न सबूतों के मद्देनजर आईपीसी की धारा 304 भाग-II मामले पर लागू होती है। आईपीसी की धारा 304 भाग-2 में 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। इसलिए सीआईडी को 60 दिनों के भीतर मालू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना था। लेकिन, वे इसमें विफल रहे. मालू को 26 सितंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। वहां से 60 दिन की अवधि 24 नवंबर को समाप्त होती है। इसलिए मालू 25 नवंबर को जमानत का पात्र हो गई। परिणामस्वरूप, उसने 26 नवंबर को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में जमानत याचिका दायर की।

## सुधारगृह से गायब हुई किशोरी ताजबाग में मिली

**नागपुर।** सदर के सिविल लाइन परिसर स्थित सरकारी महिला सुधार गृह से लापता हुई की 17 वर्षीय किशोरी को क्राइम ब्रांच के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते ने ताजबाग परिसर रेस्क्यू किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जुलाई 2024 को किशोरी सिविल लाइन स्थित सरकारी प्रियदर्शनी महिला सुधार गृह से बाथरूम करने के बहाने निकल गई थी। इसकी शिकायत वस्ती गृह की केयरटेकर ज्योति प्रेमचंद युवनाते (42) यशोदरा नगर निवासी की शिकायत पर सदर पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते को इस नाबालिग बच्ची के सकरदरा के बड़ा ताज बाग परिसर में घूमने की जानकारी मिली थी। उसके बाद पुलिस ने उसे तुरंत ताजबाग परिसर से रेस्क्यू कर लिया। समूपदेशन के बाद उसे आगे की कार्रवाई के लिए सदर पुलिस के हवाले किया गया है।

## सुधारगृह से गायब हुई किशोरी ताजबाग में मिली

**नागपुर।** सदर के सिविल लाइन परिसर स्थित सरकारी महिला सुधार गृह से लापता हुई की 17 वर्षीय किशोरी को क्राइम ब्रांच के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते ने ताजबाग परिसर रेस्क्यू किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जुलाई 2024 को किशोरी सिविल लाइन स्थित सरकारी प्रियदर्शनी महिला सुधार गृह से बाथरूम करने के बहाने निकल गई थी। इसकी शिकायत वस्ती गृह की केयरटेकर ज्योति प्रेमचंद युवनाते (42) यशोदरा नगर निवासी की शिकायत पर सदर पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग दस्ते को इस नाबालिग बच्ची के सकरदरा के बड़ा ताज बाग परिसर में घूमने की जानकारी मिली थी। उसके बाद पुलिस ने उसे तुरंत ताजबाग परिसर से रेस्क्यू कर लिया। समूपदेशन के बाद उसे आगे की कार्रवाई के लिए सदर पुलिस के हवाले किया गया है।

## महायुति मजबूत और अभेद्य

> शिंदे द्वारा लिये निर्णय को बावनकुले ने सराहा

**नागपुर।**

महाराष्ट्र में महागठबंधन की सरकार मजबूत और अभेद्य है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जो भूमिका निभाई है, वह राज्य की चौदह करोड़ जनता के लिए बड़ी भूमिका है और हम इसका स्वागत करते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया गया निर्णय सभी को स्वीकार्य होगा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विधायक चंद्रशेखर बावनकुले ने एकनाथ शिंदे के रुख का समर्थन किया। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई मुख्यमंत्री पद के लिए नहीं बल्कि महाराष्ट्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए है।

नागपुर में संवाददाता सम्मेलन में बावनकुले ने मुख्यमंत्री शिंदे की भूमिका का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया. यह कहते हुए कि उन्होंने डबल इंजन सरकार के माध्यम से राज्य को आगे ले जाने का काम



किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित महाराष्ट्र को और ताकत मिली है। महागठबंधन की अभूतपूर्व जीत तीनों नेताओं और सभी घटक दलों की कड़ी मेहनत के कारण हुई है, जिसने भारी जनादेश दिया है। शिंदे ने पिछले ढाई साल से एक मजबूत मुख्यमंत्री के रूप में काम किया है और समाज के हर वर्ग को न्याय दिया है और महाराष्ट्र का विकास किया है। महाविकास आघाड़ी के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा शुरू की गई योजनाओं को बंद करने का काम किया। मुख्यमंत्री शिंदे ने रुकी हुई विकास परियोजनाओं को गति देने का काम किया है।

बावनकुले ने कहा, हम पहले से ही शिंदे का काम देख रहे हैं, शिंदे ने फडणवीस सरकार के दौरान मंत्री के रूप में उत्कृष्ट काम किया था। शिंदे ने समृद्धि हाईवे जैसे बड़े हाईवे को फडणवीस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूरा किया हैं। उद्धव ठाकरे ने बीजेपी को धोका दिया। शिंदे इस बात से सहमत नहीं थे और इसके लिए उन्होंने हिंदुत्व का रुख अपनाते हुए और बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे बढ़ाते हुए महायुति सरकार को सत्ता में लाने में बड़ी भूमिका निभाई।

बावनकुले ने भी कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन और सहयोगी दलों के तीनों नेताओं ने मिलकर काम किया। इतिहास में अब तक इतना बहुमत नहीं मिला है। मोदीजी के नेतृत्व में महायुति के तीनों नेताओं ने बहुमत हासिल किया और महायुति को मजबूत करने का काम किया। मराठा आरक्षण, सामाजिक समानता, ओबीसी आरक्षण, सामाजिक न्याय, आदिवासियों को न्याय, समाज के हर वर्ग को न्याय, विकास को न्याय, रुकी हुई परियोजनाओं को गति दी। महागठबंधन के तीनों नेता इस राज्य के कल्याण के लिए योजनाएं लेकर आये. मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना, किसानों के लिए एक रुपये में फसल बीमा, किसानों का बिजली बिल माफी योजनाएं लागू की गई हैं।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार

> 3.38 लाख का माल भी जब्त

**नागपुर।**

पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को को देखकर भाग रहे दो दुपहिया सवार युवकों को पकड़ कर जब जांच की गई तब ये दोनों युवक शातिर चोर निकले। प्रतापनगर पुलिस ने इन दोनों की निशानदेही पर चोरी के दो मामलों का पर्दाफाश करते हुए 3,38,500 रुपयों का माल भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में तुषार सुजीत यादव (25) प्लॉट नंबर 64,गायत्री मंदिर के सामने, लोखंडे नगर और रंजीत उर्फ बग्गा विजय तभाने (27) टाकली सिम, एमआईडीसी का समावेश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सागर सतीश दुसारीवार (28) हिरणवार लेआउट, जयताला रोड निवासी की शास्त्री लेआउट, प्लाट नंबर 23 में फोटोग्राफी की दुकान है। 21



नवंबर की रात करीब 11 सागर अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे. रात के समय अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर अंदर दाखिल हुए और दुकान से 34,900 रुपयों के माल पर हाथ साफ किया। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी।

पेट्रोलिंग के दौरान आनंद नगर झोपड़पट्टी जयताला बाजार चौक के पास उक्त दोनों आरोपी एक मोटरसाइकिल पर पुलिस की गाड़ी को देखते ही भागते हुए दिखाई दिए। जिन्हें थोड़ी दूर जाकर ही पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने शास्त्री लेआउट में फोटो स्टूडियो में चोरी करने की कबूली दी। इसके साथ ही प्रताप नगर परिसर में ही एक घर में भी चोरी करने के बारे में बताया। पुलिस ने उन दोनों की निशानदेही पर चोरी के 3 लाख 38500 रूपयों के माल को भी बरामद किया है। पकड़े गए दोनों ही आरोपियों पर इससे पहले भी चोरी के मामले दर्ज होने की जानकारी है।

## कुख्यात फैजान हुआ तड़ीपार

**नागपुर।** परिमंडल क्रमांक 3 अंतर्गत लकड़गंज पुलिस थाना परिसर में रहने वाले कुख्यात गुंडे फैजान शेख अनवर शेख (24) निकालस मंदिर के पास निवासी को नागपुर शहर व ग्रामीण परिक्षेत्र से तड़ीपार किया गया है। डीसीपी महक स्वामी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

फैजान शेख के खिलाफ इससे पहले लकड़गंज व नंदनवन परिसर में शांतता भंग करने, घर जबरदस्ती अतिक्रमण करने, चोरी करने,अवैध रूप से शराब की बिक्री, दंगा करने जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं । उसकी उपस्थिति नागरिकों में दहशत निर्माण कर रही थी। इसके चलते ही उसे नागपुर शहर व ग्रामीण परिक्षेत्र से 6 महीने के लिए तड़ीपार करने के आदेश जारी किए गए हैं। तड़ीपारी के दौरान शहर में उसके घूमने के चलते पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर 112 पर जानकारी देने का आवाहन भी पुलिस ने नागरिकों से किया है।

## चाकू लेकर शहर में घूमते तड़ीपार गिरफ्तार

**नागपुर।**



क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान शांतिनगर परिसर में मेहंदीबाग पुल के नीचे एक तड़ीपार आरोपी को चाकू लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी राहुल उर्फ बबल्या गोविंदराव बावने (24) प्रेमनगर, झंडा चौक, शांति नगर निवासी बताया जा रहा है।

जब उसके आपराधिक रिकार्ड की जांच की गई तो उसे परिमंडल क्रमांक तीन अंतर्गत 12 नवंबर 2024 को नागपुर शहर व ग्रामीण परिक्षेत्र से तड़ीपार किए जाने की जानकारी मिली। अवैध हथियार लेकर बिना किसी पूर्व अनुमति के शहर में घूमने के चलते उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे आगे की कार्रवाई के लिए शांति नगर पुलिस के हवाले किया गया।

## नाबालिग पर किया जानलेवा हमला

**नागपुर।** मोबाइल में डूप्लीकेट पार्ट लगाने के संदेह में अपराधी ने साथी की मदद से नाबालिग पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। यह वारदात मंगलवार की रात कपिलनगर थाने के तहत टेकानाका में हुई। जख्मी अभिषेक धर्मेश यादव (17) भिलगांव, जबकि आरोपी रितेश मनु शर्मा (19) और आविष्कार रवींद्र नाईक (19) बेझनबाग का समावेश है। रितेश पुराना अपराधी है। जख्मी अभिषेक मोबाइल रिपेरिंग का काम करता है। रितेश ने अपनी गर्लफ्रेंड की मां का मोबाइल रिपेरिंग के लिए अभिषेक को दिया था। अभिषेक ने पार्ट बदलकर मोबाइल सुधार दिया। रितेश अधिक रुपए लेकर भी मोबाइल में डूप्लीकेट पार्ट लगाने का बोलकर अभिषेक से विवाद करने लगा। मंगलवार की रात अभिषेक अपने मित्र के जन्मदिन समारोह में टेकानाका की के.के. रेसिडेंसी के पास गया था। वहां रितेश भी अपने साथी आविष्कार के साथ पहुंचा। दोनों अभिषेक से विवाद करने लगे। उन्होंने फर्शी से सिर पर वार करके अभिषेक की हत्या करने का प्रयास किया. उसे गंभीर जख्मी करके फरार हो गए।


## शराब की दुकान से शराब समेत नगदी उड़ाई

> चार चोर लगे पुलिस के हाथ

**नागपुर।**

पांचपावली पुलिस थाने के महेंद्र नगर स्थित एक देशी शराब की दुकान में हुई चोरी के मामले में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग का भी समावेश है। पुलिस ने फरियादी सुधीर संजय लोखंडे (40)कोहाडकरपेठ लशकरी बाग, पांचपावली निवासी की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया था।

जानकारी के अनुसार 8 नवंबर 2024 की रात करीब साडे 10 बजे सुधीर अपने कांबले ब्रदर्स नामक देशी शराब की महेंद्र नगर मोहम्मद रफी चौक स्थित दुकान को बंद कर घर चले गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने उनके दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और



नगदी 5000 सीसीटीवी फुटेज के डीवीआर, देशी शराब की करीब 28 पेटी सहित 99180 रूपयों के माल को चोरी कर लिया था। इस मामले की शिकायत के बाद जांच के दौरान ही क्राइम ब्रांच यूनिट 2 की टीम को आरोपियों के कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले थे।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने श्रवण उर्फ खदान सुशील मडावी (19) शुभम बापू चौधरी (28) दोनों संजयनगर पांढरा बोडी निवासी, मनीष उर्फ नानू नरेंद्र जयसवाल (19) हजारी पहाड़, गिट्टीखदान और एक नाबालिक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त चोरी की वारदात को अंजाम देने की कबूली दी। उनके पास से पुलिस ने दो मोबाइल, एक दोपहिया वाहन सहित 88,800 रुपयों का माल बरामद किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए पांच पावली पुलिस के हवाले किया गया है।

## 'दिल की कलम से' लाइव कॉन्सर्ट 30 को

**नागपुर।** स्पर्श मनोरंजन द्वारा 'दिल की कलम से...' लाईव्ह इन कॉन्सर्ट विथ दिलीप सेन यह कार्यक्रम शनिवार, 30 नवंबर को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुप्रसिद्ध संगीत दिग्दर्शक दिलीप सेन स्वतः उपस्तित रहेंगे।

रेशीमबाग स्थित कविवर्य सुरेश भट सभागृह में शनिवार शाम 6.30 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध संगीत दिग्दर्शक दिलीप सेन-समीर सेन ने संगीतबद्ध किए गए गीत गायक कलाकार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में गोल्डी हुमणे, स्वस्तिका ठाकुर, मंगू कलसंगे, सानिका बोभाटे, प्रशांत भिंगारे, ईश्वरी पांडे, राजू व्यास, धीरज शुक्ला, एस.आर.जी., प्रमोद गडेकर आदि गायक कलाकारों का सहभाग रहेगा.

इन कलाकारों को संजय बारापात्रे, राजू गजभिये, मंगेश पटले, प्रशांत खडसे, नंदू गोहाणे, दीपक कांबले, प्रवीण लिहितकर, नितिन अहिरे, तुषार विघ्ने, निलेश आदि कलाकार साथ देंगे. कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत करेंगी। प्रज्वल बहुउद्देशीय सेवा संस्था के सहायतार्थ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साऊंड पी.बी. साऊंड, लाईट्स मायकल लाईट्स, स्टेज राजेश अमीन, स्क्रीन सोनू और मीडिया की जिम्मेवारी रवी साने संभालेंगे। इस कार्यक्रम को मिलन ग्रूप, कौशल्य, कम्फर्ट ग्रूप, द्रव्य, प्रफुल्ल देशमुख, गजराज कन्स्ट्रक्शन आदी का विशेष सहयोग मिला है।

## ज्वेलरी शोरूम से उड़ाई 2.82 लाख की चूड़ियां

> सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई महिला चोर

**नागपुर।** सदर पुलिस थाने के रेलवे स्टेशन के पास स्थित तनिष्क के शोरूम से एक अज्ञात महिला ने नजर चुरा कर दो सोने की चूड़ियों को उड़ा लिया। शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह महिला कैद हुई है, जिसके आधार पर ही पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने शोरूम की मैनेजर रीना फ्रांसिस पिंटो (45) न्यू कॉलोनी, थॉमस चर्च, छावनी निवासी की शिकायत पर मामला दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार सदर पुलिस थाने के रेलवे स्टेशन के पास ही तनिष्क का शोरूम है। मंगलवार शाम करीब 5:15 बजे के दौरान एक 45 से 50 आयु वर्ग की महिला शोरूम में आई और सोने की चूड़ियां दिखाने के लिए कहा। इसी बीच नजर चुरा कर दो सोने की चूड़ियां महिला ने चुपके से अपने पर्स में डाल ली और करीब आधे घंटे के बाद बिना कुछ खरीदे ही शोरूम से निकल गई। रात में जब शोरूम के बंद होने से पहले स्टॉक को चेक किया गया तब उसमें दो सोने की चूड़ियां कम पाई गई।

जब शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तब यह महिला चूड़ियों को अपने पर्स में डालते हुए दिखाई दी। जिसके बाद इसकी शिकायत सदर पुलिस से की गई। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज से मिले इसी सुराग के बाद इस अज्ञात महिला चोर की तलाश कर रही है।

## नई हेरिटेज संवर्धन समिति की हुई पहली बैठक

> ऐतिहासिक कस्तूरचंद पार्क और जीरो माइल पर चर्चा

**नागपुर।**

उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नवगठित हेरिटेज संवर्धन समिति की पहली बैठक बुधवार को हेरिटेज संवर्धन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनुप कुमार की अध्यक्षता में की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनुप कुमार ने नागपुर महानगर पालिका के छत्रपति शिवाजी महाराज प्रशासनिक भवन के आयुक्त कक्ष में आयोजित नागपुर हेरिटेज संवर्धन समिति की बैठक में भाग लिया।



बैठक में नागपुर के ऐतिहासिक कस्तूरचंद पार्क और देश के केंद्र 'जीरो माइल' की सुंदरता को लेकर लंबित जनहित याचिकाओं पर उच्च न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न आदेशों के अनुपालन में विस्तृत चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कस्तूरचंद पार्क और जीरो माइल के सौंदर्यीकरण और संरक्षण कार्यों की निगरानी के लिए एक नई टास्क फोर्स का गठन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनुप कुमार ने नागपुर शहर के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के लिए तत्काल नियमावली तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठक में मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी, हेरिटेज संवर्धन समिति की सदस्य सचिव लीना उपाध्याय, मनपा के सहायक विधि अधिकारी सूरज पारोचे, वीएनआईटी के प्रो.आर.के. इंगले, हेरिटेज संवर्धन विशेषज्ञ डॉ.लिना रामकृष्णन, डॉ. शुभा जोहरी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अरुण मलिक, इंटॅक्ट की मधुरा राठोड, विजय शेंडे, नगर रचना विभाग के उपसंचालक ऋतूराज जाधव और राज्य लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

CMYK

# वन विश्रामगृह और नर्सरी की मरम्मत की मांग

## > स्थानीय स्तर पर मजबूत आवाजें उठाई जा रहीं

**कोंढाली.**

चमेली वन विश्राम गृह और पौध नर्सरी की स्थिति गंभीर हो गई है, और अब इसके सुधार और मरम्मत के लिए स्थानीय स्तर पर मजबूत आवाजें उठाई जा रही हैं। कोंढाली वन क्षेत्र का चमेली उप-वन, जो 110 वर्षों से अधिक पुराना है, वर्तमान में कई समस्याओं से जूझ रहा है। यहां के वन विश्राम गृह में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है, और वन नर्सरी के लिए पानी की आपूर्ति भी ठप हो गई है। परिणामस्वरूप, नर्सरी का संचालन बंद हो चुका है, और विश्राम गृह का उपयोग भी संभव नहीं हो पा रहा है। चमेली वन विश्राम गृह का ऐतिहासिक महत्व है, जो नागपुर-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है और एक प्रमुख वन विश्राम गृह के रूप में जाना जाता है।



अतीत में यहां कई महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित होती थीं, जिनमें विधायकों और सांसदों की बैठकें शामिल थीं। हालांकि, पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने इस विश्राम गृह की मरम्मत के लिए विकास निधि मंजूर की थी, लेकिन अब बिजली और पानी की आपूर्ति की समस्याएं इसे फिर से उपयोग के लायक नहीं बनने दे रही हैं। नागपुर वन प्रभाग के कोंढाली वन विभाग का यह क्षेत्र सबसे पुराना वन परिक्षेत्र है, जहां वन विभाग की प्रसिद्ध नर्सरी भी स्थित है। नर्सरी के लिए बिजली और पानी की आपूर्ति के लिए नागपुर जिला योजना समिति से प्रावधान की मांग की गई है। जिला योजना समिति में प्रस्ताव को अद्यतन करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है।कोंढाली के पुराने रेस्ट हाउस की स्थिति भी काफी खराब हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग की उपेक्षा के कारण यह रेस्ट हाउस अब खंडहर बन चुका है और जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने यहां कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे इसका पुराना गौरव खो गया है।

कोंढाली रेस्ट हाउस में कई महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित होती थीं और यह क्षेत्र के प्रमुख नेता, जैसे कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, और राज्य के मुख्यमंत्री वसंतदादा सहित कई केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री रुकते थे।

अब, यह रेस्ट हाउस जनशक्ति की कमी के कारण बंद पड़ा है, और यहां के शाखा अभियंता कार्यालय से कोंढाली क्षेत्र के मामलों की देखरेख की जा रही है। विधायक चरण सिंह ठाकुर ने इस रेस्ट हाउस और वन विभाग के विश्राम गृह दोनों के आधुनिकीकरण और संचालन के लिए वित्तीय योजना बनाने की मांग की है ताकि इन दोनों को फिर से जन उपयोगी बनाया जा सके। कोंढाली क्षेत्र के इस ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण वन विश्राम गृह और रेस्ट हाउस की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए नवनिर्वाचित विधायक द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की जा रही है। अगर इन दोनों स्थानों की स्थिति में सुधार होता है, तो न केवल स्थानीय लोगों को लाभ होगा, बल्कि यह क्षेत्र एक बार फिर से अपने ऐतिहासिक गौरव को प्राप्त कर सकता है। विधायक की इस पहल से उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही दोनों विभागों से समुचित प्रावधान और स्वीकृति प्राप्त होगी।

### नवनिर्वाचित विधायक का हस्तक्षेप

कोंढाली क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक, चरण सिंह ठाकुर, जो नागपुर जिला योजना समिति के सदस्य भी हैं, ने इन समस्याओं को सुलझाने के लिए पहल की है। उन्होंने कोंढाली के वन विश्राम गृह और नर्सरी के लिए प्रस्तावित राशि को मंजूरी दिलाने की कोशिश की है और इसके संबंध में वन, विद्युत, और जिला योजना समिति के अध्यक्ष से मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की है। विधायक ठाकुर ने यह भी मांग की है कि अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास की समस्या को हल करने के लिए एक बैठक आयोजित की जाए, जैसा कि स्थानीय उप वन अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा प्रसाद पांडेय द्वारा भी की गई है।



# संविधान दिवस पर सरपंच पंकज साबरे हुए सम्मानित

**कामठी .**

संविधान गौरव समिती द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जय स्तंभ चौक स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पुतला परिसर पर मंगलवार को सुबह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन करने उपरांत संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई. वहीं शाम को भव्य संविधान दिवस परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम में उद्घाटन धरमपेठ कॉलेज के सेवानिवृत एचओडी युगल रायलू के हस्ते किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संविधान गौरव समिति के अध्यक्ष विजय पाटील ने की और प्रास्ताविक एस. एस. सहारे ने व्यक्त किए.

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के युवा नेतृत्व सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे को सम्मानित किया गया और उन्हें संविधान की प्रति भेंट की गई. उन्होंने ने अपने संबोधन में संविधान को देश की आत्मा बताते हुए कहा कि यह समानता और अधिकारों का आधार है.

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए. इस मौके पर प्रमुख वक्ता के रूप में तीसरे अ.भा. बंजारा साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश राठौड़, आंबेडकरवादी साहित्यिक व कवित्री माधुरी वसंतशोभा, भारतीय संविधान दिन गौरव समिती महासचिव विद्या भीमटे आदि प्रमुखता से मौजूद रहे.

कार्यक्रम के सफलतार्थ भारतीय संविधान दिन गौरव समिती के उपाध्यक्ष मनोहर गणवीर, कोषाध्यक्ष सालिकराम अड़कने, सदस्य उमाकांत चिमनकर, सदस्य सुधा रंगारी, सदस्य दुर्योधन मेश्राम, सदस्य राजेश ढोके, सदस्य प्रदीप फुलझले, सदस्य विकास रंगारी, सदस्य बैजनाथ चौहान, सदस्य संदीप कांबले, सदस्य सुदाम हुमणे, सदस्य निशा रामटेके, सदस्य संजय मेश्राम आदि का योगदान रहा.



# अश्विन बैस नागपुर जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**वाडी.**


युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अश्विन बैस को नागपुर जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अश्विन बैस ने अपनी नियुक्ति के लिए पूर्व मंत्री सुनील केदार के साथ-साथ कांग्रेस कमेटी को भी धन्यवाद दिया. नियुक्ति को लेकर वाडी शहर कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को उनके आदर्शवाड़ी स्थित आवास पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया,

जिसमें उन्होंने युवा कांग्रेस के माध्यम से अश्विन बैस द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे जरूर निभाएंगे. और यह माना जाता है कि कांग्रेस और युवा कांग्रेस के काम के विकास के लिए एक अच्छा अवसर है। अभिनंदन पर प्रतिक्रिया देते हुए अश्विन बैस ने कहा कि सभी के सहयोग से ही यह जिम्मेदारी हासिल हुई है और अगले कदम के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है. इस अवसर पर पूर्व नगराध्यक्ष राजेश थोराने, वाडी शहर अध्यक्ष शैलेश थोराने, मधु मानके पाटिल, पंकज फल्के, किशोर नागपुरकर, अरुणा पगारे, प्रमिला पवार, गौतम तिरपुडे, भीमराव कांबले के साथ अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे.

# वेकोलि के उत्कृष्ट कर्मी सम्मानित

**नागपुर.**

50वें कोल इंडिया एवं वेकोलि स्थापना दिवस के निमित्त कविवर्य सुरेश भट सभागृह में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीलोस की अध्यक्षा पी. विमला प्रसाद, वेकोलि के सीएमडी जे. पी. द्विवेदी तथा झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद ने सभी कोयला कर्मियों को कोल इंडिया तथा वेकोलि के 50वें स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने वेकोलि द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो एवं विशेष कार्य शैली की मुक्त कंठ से सराहना की तथा भविष्य में उतरोत्तर तरक्की की कामना की।



स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए सीएमडी जय प्रकाश द्विवेदी ने कोयला उद्योग एवं वेकोलि के इतिहास पर प्रकाश डाला तथा पिछले पचास वर्षों की विभिन्न उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975-76 के 8.5 मिलियन टन से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 69.11 मिलियन टन कोयला उत्पादन का यह सफ़र, टीम वेकोलि की जिम्मेदारी, लगन, विश्वास, कठोर परिश्रम, टीम भावना तथा चुनौतियों पर विजय हासिल कर, निरंतर देश की सेवा में आगे बढ़ने का सफ़र है। उन्होंने वेकोलि की भविष्य की योजनाओं, नवाचार तथा सीएसआर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में संचालन समिति की ओर से आशीष कृष्णमूर्ति ने अपनी बात रखी। उन्होंने 50 वर्षों के गौरवशाली सफर की सभी को बधाई दी।

समारोह के दौरान कार्यक्रम के प्रमुख अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत रंगा-रंग बॉलीवुड क्लासिक नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम प्लेबैक सिंगर राहुल मुखर्जी, भुज हीरामंडी फेम प्लेबैक सिंगर शिखा जोशी, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चेलेंज के गौरव शर्मा एवं प्लेबैक सिंगर वैभव वशिष्ठ ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में वेकोलि बोर्ड के सदस्यों के अलावा, कोल इंडिया के निदेशक (बिज़नेस डेवलपमेंट) देबासिस नंदा, सीवीओ सीआयएल बी. के. त्रिपाठी, एमईसीएल के अध्यक्ष आई. डी. नारायण, वेकोलि तथा कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के सेवानिवृत्त अध्यक्ष-गण, निदेशक-गण, वेकोलि की संचालन समिति, कल्याण मंडल तथा सुरक्षा मंडल के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मी एवं उनके परिवार जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ऋतु सिंह, प्रबंधक (कार्मिक) तथा धन्यवाद ज्ञापन वेकोलि के निदेशक (वित्त एवं कार्मिक) बिक्रम घोष ने किया।

# संविधान दिवस पर उत्तम किड्स कॉन्वेंट में कार्यक्रम

**वाड़ी.**



नागलवाड़ी स्थित उत्तम किड्स कॉन्वेंट में भारतीय संविधान दिवस उत्साह से मनाया गया. नागलवाड़ी की सरपंच हीराबाई सहारे, कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा संस्था प्रमुख जे.यू.भगत ने डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया. कॉन्वेंट की प्रधानाध्यापिका रजनी बगले द्वारा संविधान प्रस्ताविका का सामूहिक पठन किया गया. संस्था चालक भगत व सरपंच सहारे ने भारतीय संविधान को उत्कृष्ट बताकर सभी ने उसका पालन करना भी देश भक्ति बताया। आभार मनीषा देशमुख ने माना. इस अवसर पर मारुति आदे, शामबाबू राठौड़, श्वेता ढगे, कल्पना मेश्राम, अश्विनी भॉमले, मनीषा काटारुंगे, ज्योति हुक्रे, रागिनी ताजने, प्रियांका बढ़ाई, राकेश वाल्दे, तन्वी कोटुंगे व विद्यार्थि बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# महाराष्ट्र विद्यालय के पार्थ शेलारे ने कांस्य पदक जीता



खापरखेड़ा. महाराष्ट्र विद्यालय खापरखेड़ा के छात्र पार्थ शेलारे ने पुणे में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र विद्यालय खापरखेड़ा के पार्थ शेलारे ने पुणे में आयोजित स्कूल राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जिसके अनुसार महाराष्ट्र विद्यालय खापरखेड़ा के पार्थ शेलारे ने 19 वर्ष आयु वर्ग के 109 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरी रैंक हासिल की। हाल ही में कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से इस सत्र से पहले भी 2022-2023 में स्कूल राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता सिंधुदुर्ग और पिछले साल ठाणे में स्कूल राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था। वेटलिफ्टिंग के अलावा पार्थ जूडो और रेसलिंग के भी बेहतरीन एथलीट हैं। वह अमरावती में स्कूल राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी रहे और उन्होंने ऐसी कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन का गौरव हासिल किया।ईस अवसरपर संस्था के अध्यक्ष सुनील बाबू केदार , सचिव सुहासताई केदार, शाळा समिती के उदय महाजन, दिवाकर घेर, दुलीचंद कुंभारे, अरुणाताई शिंदे, दामोदर हाते, प्रकाश माटे, विद्यालय के मुख्याध्यापक अरुण वडस्कर, उपमुख्याध्यापक चंद्रशेखर लिखार, पर्यवेक्षक प्रमोद इखे, पद्माकर राऊत ,वरिष्ठ लिपिक विजय वासनिक, क्रीडाशिक्षक धर्मेंद्र सूर्यवंशी ,धैर्यशील सुटे , एवं सभी शिक्षक व कर्मचारी ईन्होने वेटलिफ्टर पार्थ शेलारे का अभिनंदन किया.

# उत्साहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस

**सावनेर.**



दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय सावनेर में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. मा. एसए सरदार दिवाणी न्यायाधीश वरिष्ठ स्तर की अध्यक्षता में. एस.आर. भरड सह दिवाणी न्यायाधीश कनिष्ठ स्तर, श्रीमती एस एम गाडे तृतीय सह दिवाणी न्यायाधीश, सावनेर तालुका वकील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सौ. पल्लवीताई मुलमुले,वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर बरेठीया आदीकी प्रमुख उपस्थितीमे वरिष्ठ न्यायाधीश मा. एस एक सरदार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि संविधान देश और लोकतंत्र की आत्मा है और संविधान के प्रति जनता में जागरूकता पैदा करना जरूरी है ऐसी विचार व्यक्त कर संविधान उद्देशशिका का सामुहिक वाचन कीया गया। इस अवसर पर सीनियर एवं जूनियर कोर्ट सावनेर के साथ-साथ सावनेर तालुका बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजन का संचालन अँड्. ए.वाय निंबालकर ने किया तथा आभार सावनेर तालुका बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चंद्रकांत पीस ने माना।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

**खापरखेड़ा.**



स्थानीय नया बीना बौद्ध विहार में भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली एवं संघमित्रा महिला मंडल, राहुल नवयुवक संघ तथा न्यू परिवर्तन मिशन स्कूल शाखा- नया बीना भानेगांव के तत्वावधान से संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान, वरिष्ठ नागरिक अशोक कांबळे एवं सत्यफुला कांबळे द्वारा पंचशील ध्वज फहराने तथा सलाहकार समिति द्वारा संविधान निर्माता विश्वरत्न, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण व बुद्ध वंदना लेकर की गयी। भारतीय बौद्ध महासभा नया बीना एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सावजी तागड़े ने राष्ट्र शरीर और संविधान श्वास का नारा लगाते हुए सभी को संवैधानिक मार्ग पर चलने का आव्हान किया। कोषाध्यक्ष रवीन्द्र ढोके ने डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर की भूमिका को स्पष्ट किया। बहुजन मुक्ति मोर्चा के वनदेव लांजेवार ने मत व्यक्त किया कि संविधान के कारण वंचितों और दुर्बल तत्वों की रक्षा हुई है।

न्यू परिवर्तन मिशन स्कूल की निदेशक रत्नमाला रागाशे ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सर्वोत्तम संविधान है। इस अवसर पर तुलसा गौरकर, मीना नरेश ढोके, वंदना गणवीर के गीतों और न्यू परिवर्तन मिशन स्कूल की जानवी चिखले, माही पाटिल, निहारिका बागड़े, यशस्वी गजभिए, समिक्षा बागड़े के समूह नृत्य और विभिन्न वेशभूषा में आए विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में रंग जमा दिया। कार्यक्रम का समापन संविधान के उद्देश्यिका के सामूहिक वाचन के साथ हुआ। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के सचिव मुकेश बागडे, अनिल लांजेवार, नरेश डोंगरे, ज्ञानेश्वर ढोके, सल्लगार समिती के लक्ष्मण लांजेवार, तुळशीराम बागडे, कृष्णाजी वासनिक, ओमप्रकाश गौरकर, किशोर चव्हाण, अरुण नारनवरे, उत्तम खोब्रागडे आम्रपाली व संघमित्रा महिला मंडल के रेखा लांजेवार, निर्मला चिमणकर, नंदा सोमकुंवर, प्रभा लोखंडे, सत्यभामा वासनिक, मीना रविन्द्र ढोके, सुनंदा लांजेवार, प्रगती बागडे, सारिका तागडे, रोहणी धनवटे, रोशनी गौरकर, लता खोब्रागडे, प्रिया डोंगरे, न्यू परिवर्तन मिशन स्कूलच्या प्राचार्य अर्चना पाटील, नेहा रॉय, वैशाली पाटील, प्रवीणा वाघमारे, अंजली निकोसे, सुष्मा पाटील, सना शेख, आसमा शेख, प्रगती दुनेदार तथा क्षेत्र के बाला-बालिका व नागरिक उपस्थित थे. कार्यक्रम का प्रास्ताविक कल्पना वासनिक, संचालन मालवी नारनवरे तथा आभार प्रिती गोलाईतने माना।

# नगर पंचायत में मनाया गया संविधान दिवस



**कोंढाली.** संविधान बनाने के उद्देश्य से हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। नागरिकों को भारतीय संविधान के बारे में जागरूकता २६नवंम्बर को कोंढाली नगर सहित में स्थानीय स्वानिक स्वराज्य संस्था संस्थाओं, शासकीय अर्धशासकीय संस्थाओं के साथ ही शैक्षणिक, सांस्कृतिक ,खेल एवं राजनीतिक तथा सामाजिक संगठनों के ओर से साथ ही कोंढाली नगर पंचायत के सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में संविधान दिवस के उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। यहा के शैक्षणिक संस्थांओं द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया था। साथ ही यहाँ स्व. राजेंद्र सिंह (बाबा) व्यास आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, लाखोटिया भूतड़ा हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज और सीबीएसई हाई स्कूल, अरविंद इंडो हायस्कूल,त्रिमुर्ती हायस्कूल दुधाला, के छात्रों , शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारीयों द्वारा जन जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से स्कूलों और कॉलेजों में संविधान पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कोंढाली नगर पंचायत की ओर से प्रशासक धनंजय बोरिकर के निर्देशानुसार नगर पंचायत के सभी विभाग प्रमुखों और सभी कर्मचारियों ने नगर पंचायत के सभाकक्ष में संविधान की प्रस्तावना का सामुदायिक वाचन किया.

# ईवीएम के विरोध में संविधान चौक पर होगा कांग्रेस का आंदोलन

**कामठी.**

महादुला के कांग्रेस युवा नेता व पूर्व नगरसेवक रतनदीप रंगारी ने बताया कि वह ईवीएम के विरोध में पूर्व मंत्री सुनील केदार के नेतृत्व में आंबेडकर चौक महादुला से सुबह 10 बजे बाईक रैली निकालकर रविवार 1 दिसंबर को सुबह 11 बजे नागपुर स्थित संविधान चौक पर विशाल धरना प्रदर्शन आंदोलन करेंगे. ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओं और लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत लोकतंत्र बचाने के लिए आंदोलन कर रहा है.

भारत की सर्वोच्च न्यायपालिका ने 8 अक्टूबर वर्ष 2013 को एक ऐतिहासिक जजमेंट देकर कहा था कि केवल ईवीएम मशीन से निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव नहीं हो सकता है.





### वीवीपीएटी मशीन लगाना अनिवार्य

ईवीएम मशीन के साथ वीवीपीएटी मशीन लगाना अनिवार्य होगा. जिसमें निकलने वाली पर्चियों को 100 प्रतिशत मिलान करने से ही निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव हो सकता है. प्रमुख राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न संस्थाओं ने ईवीएम मशीन पर अविश्वास जताया है और सुप्रीम कोर्ट भी इस बात को मानता है.

# आंबेडकर स्मृति मंडल में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

**कामठी.**

संविधान दिवस के अवसर पर गौतम नगर स्थित आंबेडकर स्मृति मंडल में मार्गदर्शक भंते नागदीपांकर के मार्गदर्शन में संविधान अमृत महोत्सव हर्षोल्लास गया. इस मौके पर विशेष रूप से भंते यश तथा सामनेर भिक्षु संघ बुद्धभूमि खैरी मौजूद रहे.



इस अवसर पर संविधान दिवस और स्वतंत्रता के अमृतकाल के अवसर पर गोष्ठियों का आयोजन किया गया और आंबेडकर स्मृति मंडल के सदस्य मिथुन चांदोरकर ने संविधान प्रस्तावना का पठन कर शपथ दिलाई गई. इसी के साथ संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर के चित्र पर आंबेडकर स्मृति मंडल के अध्यक्ष गुणरत्न तांबे की अध्यक्षता में पुष्प मालाएं चढ़ाई गई. इसी के साथ संविधान के अन्तर्गत संविधान की मूल भावना और सभी लोगों को दिए गए मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, न्याय, और एकता एवं बन्धुता को बताया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आंबेडकर स्मृति मंडल के सचिव सचिन अशोक चांदोरकर ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे विस्तृत और मजबूत संविधान है. बाबासाहब की सोच थी कि प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर और दर्जा मिले. इसी भावना के साथ उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण प्रारूप समिति के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर तैयार किया और देश को अर्पित किया. भारतीय संविधान के कारण आज सबको बराबरी का दर्जा प्राप्त है और गरीब एवं दलित का बच्चा भी शीर्ष पद तक पहुंच सकता है, जिसकी मिसाल भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी हैं.

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया. इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष गुणरत्न तांबे, सचिव सचिन चांदोरकर, कोषाध्यक्ष गणेश डांगे, सहसचिव राजु गजभिये, सुबोध चांदोरकर, ज्योती नागदेवे, उपाध्यक्ष विजय चांदोरकर, विलास नागदेवे, अनुप सोनडवले, संघटक अविनाश गजभिये, अंकेक्षक धर्मदिप शेन्डे, अश्विन बावनगडे, समन्वय समिती गणेश तांबे, धर्मपाल नागदेवे, प्रशांत नगरकर, अनिरुध्द तांबे, सुबोध मेश्राम, कार्यकारीणी सदस्य रवि चाहांदे, मिथुन चांदोरकर, अनिल बोरकर, रूपेश गजवे, आकाश डोंगरे, हेमराज डांगे, शशिकांत तांबे, सलाहकार माधुरी गजवे, सुरेखा चांदोरकर सत्यभामा फुले, कुणाल गजवे सहित अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुखता से मौजुद रहें.

# ईंधन भत्ता लागू करने की मांग को लेकर श्रृंखलाबद्ध अनशन



गोंदिया.

महावितरण कंपनी में काम करनेवाले तकनीकी संवर्ग के मुख्य तंत्रज्ञ और प्रधान तंत्रज्ञ को प्रशासकीय परिपत्रक क्रमांक 664 के अनुसार ईंधन भत्ता बढ़ाकर लागू किया गया है। उपरोक्त बढ़ा हुआ ईंधन भत्ता मिले, इसके लिए विद्युत क्षेत्र तांत्रिक कामगार युनियन (रजि नं. एनजीपी 1029) संगठन ने इससे पूर्व भी अनेक बार आंदोलन किया है।

जिसके फलस्वरूप तंत्रज्ञ संवर्ग को बढ़ा हुआ ईंधन भत्ता लागू किया गया। लेकिन अभी भी प्रत्यक्ष में उसका क्रियान्वयन नहीं किया गया है।

इस संबंध में संगठन की ओर से अनेक बार पत्र व्यवहार भी किया गया। लेकिन मुख्यालय स्तर पर प्रशासकीय परिपत्रक को परिमंडल कार्यालय में रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। ऐसा अहसास संगठन को हो रहा है।

इसलिए गहरी नींद में सोये महावितरण प्रशासन को जगाने के लिए महाराष्ट्र के महावितरण के सभी परिमंडल कार्यालयों के सामने विद्युत क्षेत्र तांत्रिक कामगार युनियन की ओर से 26 से 28 नवंबर 2024 तक तीन दिवसीय श्रृंखलाबद्ध अनशन किया जा रहा है।

जिसके तहत 26 नवंबर को गोंदिया परिमंडल कार्यालय के सामने सुबह से श्रृंखलाबद्ध अनशन शुरु किया गया।

### अनशन स्थल पर बड़ी संख्या में तकनीकी कामगार भी पहुंचे

पहले दिन सुनील बांते, कुमेश पटले, प्रणय कांबले, राजकुमार रहांगडाले, कैलाश शहारे आदि अनशन पर बैठे। अनशन स्थल पर बड़ी संख्या में तकनीकी कामगार भी पहुंचे। उपस्थितों को संबोधित करते हुए विद्युत क्षेत्र तांत्रिक कामगार युनियन के झोन अध्यक्ष सुनील बांते ने कहा कि महावितरण तकनीकी कर्मचारियों को यदि बढ़ा हुआ ईंधन भत्ता नहीं मिला तो, इस आंदोलन को और तीव्र किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारा, गोंदिया, देवरी, साकोली विभाग से आए हुए तांत्रिक कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्रथम वर्ष डी. फार्म छात्रों के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित

हिंगनघाट.




तुलसकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, हिंगनघाट में 25 को कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्रथम वर्ष डी. फार्म छात्रों के लिए एक भव्य छात्र प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें माता-पिता की भी उपस्थिति रही, जिससे परंपरा और आकांक्षाओं का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर, विकास शिक्षा संस्थान, हिंगनघाट के अध्यक्ष डॉ. उमेश तुळसकर, विद्या विकास शिक्षा संस्थान, हिंगनघाट की सचिव डॉ. नयना शिरभाते, विद्या विकास कॉलेज, समुद्रपुर के प्राचार्य डॉ. किशोर चंद्र रेवतकर और तुळसकर फार्मेसी कॉलेज, हिंगनघाट के प्राचार्य डॉ. महेंद्र गुंडे प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मूर्ति पूजन और दीप प्रज्वलन से की गई, जो इस अवसर की पवित्रता और शुभता को और भी बढ़ाता है।

यह कार्यक्रम छात्रों को नए शैक्षिक माहौल में समायोजित करने और उन्हें शैक्षिक, व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच संकाय और सहपाठियों के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करना, जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना और आत्म-समझ को विकसित करना था। कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में प्राचार्य डॉ. महेंद्र गुंडे ने संस्थान की शैक्षिक उत्कृष्टता, कॉलेज की सुविधाओं और संकाय एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों से परिचय कराते हुए कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ. किशोर जी. रेवतकर ने छात्रों को शिक्षा, जीवन के उद्देश्य और आत्मविकास के महत्व पर प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से अपने जीवन के लक्ष्यों को समझने और उसे प्राप्त करने की दिशा में प्रेरणादायक कहानियां साझा की।

संगठन के सचिव डॉ. नयना तुळसकर ने अनुशासन की महत्ता पर जोर देते हुए डी. फार्म कोर्स के बाद स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और अवसरों के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सकारात्मक वातावरण के महत्व पर भी बल दिया, जो छात्रों के तनाव प्रबंधन और समग्र विकास में सहायक होता है।

अध्यक्षीय भाषण में डॉ. उमेश तुळसकर ने शिक्षा और कार्य प्रक्रियाओं के बीच अंतर स्पष्ट किया और छात्रों को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ इस नए जीवन चरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्या विकास शिक्षण संस्थान के छात्र केंद्रित दृष्टिकोण की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रा. अंजू तन्ना और प्रा. राकेश जोशी ने किया। इस अवसर पर आभार प्रदर्शन भी हुआ, और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस प्रेरक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम ने छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जिससे वे अपने शैक्षिक जीवन के अगले चरण के लिए तैयार हो गए।

# छात्रों को संविधान के मूल्यों को जानने की जरूरत : अग्रवाल

वर्धा.

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत का संविधान 75 वर्ष पहले लागू हुआ था, हमारा संविधान लोकतंत्र, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक-सांस्कृतिक, मौलिक अधिकार और राष्ट्रीय एकता जैसे लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर भारत के संविधान के निर्माता हैं। हम सभी को इस संविधान को भली-भांति जानना चाहिए। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मोहनबाबू अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि आज के युवा छात्रों सहित भारत के सभी नागरिकों के लिए अधिकार क्षेत्र, वैधानिक संस्थानों, न्यायपालिका, आंतरिक धाराओं के अलावा संविधान के मूल्यों से परिचित होना बहुत जरूरी है। वे स्व.गायत्री देवी अग्रवाल सेवा संस्था देवली द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर मौलाना आजाद उर्दू जूनियर कॉलेज में आयोजित 'भारत का संविधान' वितरण समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्लिम एजुकेशन सोसायटी के सचिव हुसैन अली, मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध समाजसेविका डॉ. विद्या कलसाइत, मुस्लिम एजुकेशन सोसायटी के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य इमरान राही,

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इशरत उल्ला खान, नवखितिज चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई के अध्यक्ष सुनील कुमरे, मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी के कोषाध्यक्ष हामिद अली रिज़वी, कार्यकारी सदस्य रोशन अली, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक अग्रवाल मंच पर मुख्य रूप से उपस्थित थे। डॉ विद्या कळसाईत ने आग्रह किया कि सभी को भारतीय संविधान का ज्ञान होना चाहिए, या कि संविधान को सरल तरीके से वितरित किया जाना चाहिए या सभी को पुस्तकों से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए और अपनी क्षमता के अनुसार अपने ज्ञान का विस्तार करना चाहिए। हुसैन अली ने कहा कि स्वर्गीय गायत्री देवी अग्रवाल सेवा संस्थान की ऐसी पहल सराहनीय है. कार्यक्रम की प्रस्तावना प्राचार्य डॉ इशारतुल्लाह खान ने, संचालन मुमताज खान ने, तथा आभार इमरान राही ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में 50 छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान वितरित किया गया। प्रो इरफान बेग, प्रो मोहम्मद अज़हर, प्रो नज़र खान, प्रो मोहम्मद आरिफ़, शमीम सुल्ताना, इशरत अंजुम, एहसान राही, सैफा नाज़, शबाना परवीन, परवीन बानो, शाज़िया तबस्सुम, इरशाद खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ट्रैवल्स पॉइंट के पास अरुण बूट हाउस में चोरी



**हिंगनघाट.** शहर में पिछले कई महीनों से चोरियों का दौर जारी है और चोर पुलिस के हाथ नहीं लगने से चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं.हिंगनघाट शहर के बस स्टैंड के पास ट्रैवल्स पॉइंट के पास के अरुण बूट हाउस में चोरी कर लाखों का माल उड़ा लिया गया है.रात में चोरों ने बूट हाउस दुकान का शटर तोड़ दिया और दुकान में घुस गये घटना को अंजाम दिया. सुबह बूट हाउस के मालिक हांडे अपनी दुकान खोलने के लिए हमेशा की तरह आऐ तब उन्हें दुकान में चोरी होने का संदेह हुआ जब दुकान का निरीक्षण किया तो दुकान में काफी सामान इधर उधर फेंका हुआ मिला, जिससे पता चला कि दुकान का कुछ सामान चोरों ने चोरी कर लिया था संभावना है कि यह घटना रात में हुई है चोरों ने बूट हाउस से लाखों का सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में दुकान मालिक हांडे ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है घटना की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और पुलिस ने घटना का पंचनामा किया है और आगे की जांच हिंगनघाट पुलिस कर रही है.

# धान खरीदी केंद्र तत्काल शुरू करने की मांग

गोंदिया.



महाराष्ट्र में गोंदिया जिले को धान के कटोरे के रूप में जाना जाता है। जिले में उद्योगों एवं बड़े व्यवसायों का अभाव होने के कारण बड़ी संख्या में किसान खेती की फसल के माध्यम से ही अपने परिवार का भरन पोषण करते हैं। वर्तमान में धान की कटाई एवं चुराई का काम संपूर्ण जिले में अपने अंतिम दौर में है। बाजार में धान की आवक बड़े पैमाने पर शुरु हो गई है। निजी व्यापारी किसानों का धान अल्प दर पर खरीद रहे हैं। लेकिन अभी भी पर्याप्त संख्या में धान खरीदी केंद्र शुरु नहीं हुए हैं। 25 लाख क्विंटल से अधिक धान की पैदावार जिले में होने का अनुमान है। लेकिन अब तक केवल 60 हजार क्विंटल धान ही शासकीय धान खरीदी केंद्रों पर खरीदे जाने की जानकारी मिली है।

शासकीय धान खरीदी केंद्र शुरु नहीं होने के कारण किसानों को अपना धान निजी व्यापारियों के हाथों बेचना पड़ रहा है। जिसके कारण शासकीय धान खरीदी केंद्र शुरु करने की मांग अब जोर पकड़ रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र की संपूर्ण अर्थव्यवस्था ही खेती पर निर्भर है। जिले का किसान आसमानी और सुल्तानी संकटों का मुकाबला कर खेती करता है। ऐसे में हाथ में आई फसल को भी यदि उचित दाम नहीं मिले तो, किसानों की स्थिति विकट हो जाती है। किसानों का हल्की एवं उच्च प्रजाति के धान की कटाई और चुराई अब पूरी हो गई है।

आजकल यंत्रों के माध्यम से यह काम किए जाने के कारण जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी हो जाती है। अनेक किसानों के पास अपनी फसल का भंडारण करने की जगह भी नहीं होती।

उत्पादन के लिए लिए गए कर्ज की वापसी के लिए किसान जल्द से जल्द धान बेचना चाहता है। क्योंकि ऐसा करने पर ही रबी फसल के लिए कर्ज मिल सकेगा। इस वर्ष उत्पादन में ही देरी होने के कारण किसानों की दिवाली अंधेरे में गई। बाद में चुनाव आ गए। अब ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द से जल्द धान खरीदी केंद्र शुरु किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

## दो कार्रवाई में घर से अवैध शराब जब्त

**गोंदिया.** जिले के अलग-अलग ग्रामों में पुलिस ने दो अलग-अलग घरों से अवैध शराब को जब्त किया। जिसमें पहली कार्रवाई अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम चापटी की बताई गई है। इस कार्रवाई में आरोपी सावन अनिल मेश्राम (30) के घर की तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके घर से कुल 880 रुपए की अवैध शराब को जब्त किया। यह कार्रवाई 25 नवंबर को की गई। फरियादी पुलिस हवलदार रमेश मधुकर सेलोकर की रिपोर्ट पर अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार कोडापे कर रहे है। दूसरी कार्रवाई गोरेगांव थाना अंतर्गत ग्राम मुंढरीटोला में की गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने मुंढरीटोला निवासी आरोपी कमल बाबुलाल तावाडे (42) के घर से कुल 2 हजार 170 रूपए की अवैध शराब को जब्त किया। यह कार्रवाई 25 नवंबर को की गई। फरियादी पुलिस हवलदार कुरसंगे की रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# जिलास्तरीय युवा महोत्सव में दिखेंगी विविध संस्कृतियों की झलक

> 2 दिसंबर से होगा शुभारंभ

गोंदिया.

क्रीड़ा व युवक सेवा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य पुणे अंतर्गत जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय व जिला क्रीड़ा परिषद गोंदिया, नेहरु युवा केंद्र व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 2 दिसंबर से बुद्धिस्ट समाज संघ, संस्थागार, जिला क्रीड़ा संकुल समीप गोंदिया में किया गया है। इस महोत्सव अंतर्गत युवाओं का सर्वांगीण विकास करना, संस्कृति व परंपरा का जतन करना, युवाओं में छिपे सुप्त गुणों को प्रोत्साहन देना, राष्ट्रीय एकात्मता बढ़ाने के साथ ही महाराष्ट्र राज्य के लिए विज्ञान एवं तंत्रज्ञान के नवसंकल्पना पर विविध उपक्रम आयोजित किए जाएगे। जिसमें विज्ञान व तंत्रज्ञान नवसंकल्पना आधारित प्रदर्शन, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कथालेखन, चित्रकला स्पर्धा, वक्तृत्व स्पर्धा, कविता, यूथ आयकॉन का समावेश रहेगा। उक्त स्पर्धाओं में गोंदिया जिले के संगीत महाविद्यालय, वरिष्ठ व कनिष्ठ महाविद्यालय, समाजकार्य महाविद्यालय, महिला मंडल, सांस्कृतिक मंडल, जिले के इंजिनियरींग महाविद्यालय, चिकित्सा महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आदि के 15 से 29 वर्ष आयु समूह के



युवक-युवतिया हिस्सा ले पाएंगे।

प्राविण्य धारकों को नगद पारितोषिक शासन की ओर से अनुदान प्राप्त होते ही दिया जाएगा। इससे जुड़ी अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, जिला क्रीड़ा संकुल गोंदिया से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी श्रृती डोंगरे, जयश्री भांडारकर, क्रीड़ा अधिकारी ए.बी. मरस्कोल्हे, क्रीडा मार्गदर्शक अविनाश निंबार्ते, आकाश भगत से भी जानकारी ली जा सकती है। जिले के अधिक से अधिक युवाओं को इस महोत्सव में शामिल होने का आव्हान जिला क्रीड़ा अधिकारी नंदा खुरपुड़े ने किया है।

## बाराभाटी में धान के ढेर को अज्ञातों ने लगाई आग

**अर्जुनी मोर.** अर्जुनी मोरगांव तहसील के बाराभाटी में अज्ञातों द्वारा किसान के खेत में रखे धान के ढेर को आग लगा दिए जाने की घटना 26 नवंबर को सुबह के दौरान घटित हुई। इस घटना से किसान को लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। पीड़ित का नाम रमणलाल राणीदान चांडक बताया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील के बाराभाटी निवासी चांडक के खेत में दो धान के ढेर थे।

जिन्हें अज्ञातों ने आग लगा दी। इस घटना में किसान को लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। रमणलाल चांडक की बाराभाटी गुट क्रमांक 553 क्षेत्र 3.71 हेक्टेअर आर, गुट क्रमांक 579 क्षेत्र 0.40 हेक्टेअर आर, गट क्रमांक 649 क्षेत्र 0.20 हेक्टेयर आर की खेत है। यहां ठेका पद्धति से किशोर बेलखोड़े, महेश बेलखोड़े व भोजराज बेलखोड़े खेती करते थे।

# स्मार्ट ट्राफिक बूथ बने शो-पीस

> पुलिसकर्मी बाहर खड़े रहकर ही करते हैं यातायात नियंत्रण

गोंदिया.



यातायात पुलिस कर्मियों को कड़ी धूप, बारिश एवं ठंड में यातायात नियंत्रण में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए शहर के मुख्य चौराहों पर स्मार्ट ट्राफिक बूथ लगाए गए हैं। जिनमें जयस्तंभ चौक, फूलचुर नाका, सारस चौक में यह बूथ लगाए गए हैं। एक बूथ की कीमत लगभग 3-4 लाख रुपए बताई जाती है। लेकिन यह बूथ अब केवल शो-पीस साबित हो रहे हैं। बूथ में पंखे के अलावा स्पीकर की व्यवस्था है और इसके उपर सोलर पैनल लगे हुए हैं। इसमें एक बार में दो पुलिसकर्मी बैठ सकते हैं, ऐसी व्यवस्था है। इसके पीछे का उद्देश्य यही था कि कर्मचारी सुरक्षित वातावरण में रहकर यातायात को नियंत्रित कर सके। लेकिन प्रत्यक्ष में यह देखने में आ रहा है कि यह ट्राफिक बूथ केवल शो-पीस बनकर धूल खा रहे हैं। कभी कोई कर्मचारी इसके अंदर बैठकर यातायात नियंत्रित करता हुआ नहीं देखा गया। बूथ की बात तो छोड़िएं सिग्नल की अवस्था इससे भी बदतर है। शहर में केवल जयस्तंभ चौक में लगाया गया ट्राफिक सिग्नल ही काम कर रहा है।

बाकी सारस चौक में लगा ट्राफिक सिग्नल लगभग दो वर्ष से बंद पड़ा हुआ है। बालाघाट टी-पॉईंट एवं फूलचुर नाका के सिग्नल की भी यही अवस्था है। ऐसे में यातायात पुलिसकर्मी खुले में खड़े रहकर हर चौक चौराहों पर अपना कर्तव्य पालन करते हुए यातायात नियंत्रित कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए इन बूथों का क्या उपयोग? वर्तमान स्थिति में तो यही नजर आ रहा है कि इन बूथों को लगाने में लगाई गई राशि के खर्च का उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। इस संबंध में यातायात पुलिस विभाग के पुलिस निरीक्षक नागेश भास्कर से पूछने पर उन्होंने बताया कि बारिश आदि के समय कर्मचारी इन बूथों का उपयोग करते हैं। लेकिन अभी मौसम साफ रहने के कारण खुले में रहकर ही यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। सिग्नल बंद होने के विषय में उन्होंने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की।

# कांग्रेस और राका के जिलाध्यक्ष इस्तीफा क्यों न दें

> अध्यक्षों के गांव में भी बड़े-बड़े गड्ढे

वर्धा.



जिले में काँग्रेस और रा.काँ. की हार के बाद अब मंथन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। वर्धा, जिसे गांधी जिले के नाम से भी जाना जाता है, में काँग्रेस की मजबूत पकड़ रही है, लेकिन पार्टी की अंदरुनी राजनीति और आपसी मतभेदों ने हार की वजह बना दी। इस चुनाव में तेली समाज ने कुणबी उम्मीदवारों को समर्थन दिया, जिसमें देवळी से काँग्रेस उम्मीदवार राजेश बकाने को भी कुणबी समाज से भरपूर वोट मिले।

चुनाव परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिले में तेली और कुणबी समाज का वोट महत्वपूर्ण भूमिका में था। इस संदर्भ में हारने वाले उम्मीदवारों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। काँग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज चांदूरकर के खुद के गाँव वायफड में भी पार्टी के उम्मीदवार रंजीत काबले को 700 वोटों से हार का सामना करना पड़ा, और पूरे सर्कल में पार्टी को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। वहीं रा.काँ. के जिलाध्यक्ष सुनील राऊत ने सिर्फ अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी उठाकर काम किया। वे पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर नहीं चल पाए, और परिणामस्वरूप, उन्हें भाजपा उम्मीदवार समीर कुणावार से भारी हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव से काँग्रेस और रा.काँ. को एक सिख लेने की जरूरत है। कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि दोनों पार्टी के अध्यक्षों को नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### यह केवल एक चुनावी हार का परिणाम नहीं

यह केवल एक चुनावी हार का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उनके नेतृत्व की असफलता को भी दर्शाता है। ऐसे में, यह इन दोनों नेताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपनी नाकामी का एहसास करें और पदों से हटकर पार्टी को पुनः संगठित करने का अवसर प्रदान करें। पार्टी में पुनर्निर्माण की आवश्यकता है और इसके लिए नेतृत्व में बदलाव से ही संभावनाएं उजागर हो सकती हैं।

## नायलॉन मांजा दुकान पर पुलिस की कार्रवाई

गोंदिया.

गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत लक्ष्मीबाई वार्ड बजरंग दल कार्यालय के सामने स्थित मो.खुर्शीद मो.आयुब शेख (63) के घर दुकान की गोंदिया शहर पुलिस ने पंचों के समक्ष जांच पड़ताल की तो, वहां नायलोन मांजे के मोनोकटर, लायलोन मांजा धागा बड़ी चकरी काइट के 28 नग, नायलोन मांजा धागे के मोनो गोल्ड के 7 नग, नायलोन मांजा धागे की छोटी चकरी 135 नग, नायलोन मांजा धागे के छोटे डागोन कंपनी के 167 बंडल, नायलोन मांजे के पोलीथीन में रखे 50 बंडल एवं 1 नग नायलोन मांजा धागा लपेटने की लोहे की मशीन मिलाकर पुलिस ने कुल 22 हजार 640 रुपए का माल बरामद किया है।

यह कार्रवाई 25 नवंबर को शाम के दौरान की गई। इस घटना के संदर्भ में पुलिस उपनिरीक्षक शरद सैदाने की रिपोर्ट पर गोंदिया शहर पुलिस ने अपराध क्रमांक 765/2024, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 5, 15 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार राजेश पुराम कर रहे हैं।

# लाड़ली बहनों ने महिला उम्मीदवारों से मुंह मोड़ा

> 64 में केवल 2 ही थीं महिला उम्मीदवार

गोंदिया.

गोंदिया जिले के अंतर्गत आनेवाले चारों विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। जिले के गोंदिया, आमगांव, अर्जुनी मोरगांव एवं तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्रों में कुल 64 उम्मीदवार इस चुनाव में मैदान में थे। जिनमें दो महिला उम्मीदवारों का भी समावेश था। जिनमें अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र से नीता नीलकंठ साखरे तथा तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्र से वनिता बेनीलाल ठाकरे चुनाव मैदान में थी। लेकिन जो चुनाव परिणाम सामने आए, उससे यह स्पष्ट हुआ कि महिला मतदाताओं ने भी महिला उम्मीदवारों की ओर से मुंह मोड़ लिया एवं अपनी पसंद के राजनीतिक दलों के पुरुष उम्मीदवारों को ही अपना मत दिया। निर्णायक संख्या में महिला मतदाता होने के बावजूद दोनों महिला उम्मीदवार जितना तो दूर, अपनी जमानत तक बचाने में कामयाब नहीं हुए।

अर्जुनी मोरगांव एवं तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की कुल संख्या 2 लाख 68 हजार 169 थी। लेकिन दोनों महिला उम्मीदवारों को मिलाकर केवल 1586 मत ही प्राप्त हुए। प्रत्यक्ष देखने में यह आता है कि हर राजनीतिक दल महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपने आप को समर्पित एवं सजग दिखाता है। लेकिन जब चुनाव में टिकट देने का सवाल आता है तो, सभी दल इससे पीछे हट जाते हैं। जिले में इस चुनाव में किसी भी महिला उम्मीदवार को किसी भी दल ने टिकट देकर मैदान में नहीं उतारा और जो दो महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरी, वे भी अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हो सकी। महिला मतदाता जिले में किंगमेकर की भूमिका में है। लेकिन उन्होंने अपनी एकजुटता दिखाने के बजाय शासन की लाडली बहन योजना से प्रभावित होकर सत्तारुढ़ महायुति को अपना आशीर्वाद दिया। चुनाव परिणामों से तो, यही स्पष्ट होता है।

## मामूली बात को लेकर पुत्र ने किया पिता पर प्रहार

गोंदिया ।


मामूली बात पर पत्थर मारकर पुत्र ने पिता को घायल किया। यह घटना 24 नवंबर को गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम घोटी में शाम को घटी।

इस घटना में फरियादी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम घोटी निवासी फरियादी धनलाल जगन कथलेवार (65) को उसके पुत्र दिलीप धनलाल कथलेवार (40) ने खेत बेचकर पैसे देने की बात को लेकर सिर पर पत्थर से प्रहार कर दिया। जिसमें वह जख्मी हो गया। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118, (1), 352, 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार विजय कोसमे कर रहे है।

# यह संविधान के साथ धोखा

## > आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी






**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट ने धर्म परिवर्तन को लेकर अहम फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि बिना किसी धर्म पर सच्चा भरोसा करे सिर्फ आरक्षण का फायदा पाने के लिए किया गया मतांतरण संविधान के साथ धोखा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पंकज मिथल और आर महादेवन की बेंच ने 26 नवंबर को इससे जुड़े एक मामले में सुनवाई की। दरअसल, यह पूरा मामला एक महिला सी. सेल्वारानी से जुड़ा है, जिसे एक ईसाई मां ने जन्म दिया था, हालांकि उसके पिता तब हिंदू थे और वल्लुवन जाति से आते थे, जो कि अनुसूचित जाति से आते थे। सेल्वारानी की आस्था शुरुआत से ही ईसाई धर्म में रही, लेकिन 2015 में उसने पुडुचेरी में उच्च संभागीय क्लर्क पद पर आवेदन के लिए खुद के हिंदू होने का दावा किया था और अपने लिए एससी सर्टिफिकेट की मांग की थी।

इसी मामले पर दो जजों की बेंच ने सेल्वारानी की याचिका को नकारते हुए मद्रास हाईकोर्ट का 24 जनवरी का फैसला बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने इस मामले में सेल्वारानी की अनुसूचित जाति से जुड़े प्रमाणपत्र की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

जस्टिस महादेवन ने इस केस में बेंच की तरफ से 21 पन्नों का फैसला लिखा। इसमें उन्होंने दूसरे धर्म को अपनाने वालों को लेकर भी टिप्पणी की। जजों ने लिखा, "कई लोग धर्मों के सिद्धांत और मान्यताओं से प्रभावित होकर उन्हें अपना लेते हैं। हालांकि, अगर धर्मांतरण सिर्फ आरक्षण का फायदा लेने के लिए हो और इसमें आपकी कोई आस्था न हो, तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

क्योंकि इस तरह गलत उद्देश्य रखने वालों को आरक्षण का लाभ देकर आरक्षण की नीति और सामाजिक लोकाचार का मकसद ही खत्म हो जाएगा। कोर्ट ने इसी के साथ ईसाई धर्म को मानने वाली महिला को अनुसूचित जाति का दर्जा देने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि ऐसा करना संविधान के साथ धोखा करने जैसा होगा।

### हाईकोर्ट का 24 जनवरी का फैसला बरकरार रखा

कोर्ट ने कहा कि दस्तावेजों से साफ होता है कि महिला अभी भी ईसाई धर्म ही मानती है और लोग भी उसे चर्च जाते देखने का दावा कर चुके हैं। बेंच ने कहा कि ईसाई धर्म मान चुके लोग अपनी जातीय पहचान खो देते हैं। ऐसे में उन्हें आरक्षण से जुड़े फायदे उठाने के लिए धर्म में वापस लौटने और मूल जाति में स्वीकारे जाने से जुड़े सबूत पेश करने होंगे। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की तरफ से ऐसे सबूत भी नहीं मिले, जिसमें उसके हिंदू धर्म में वापस लौटने या वल्लुवन जाति की तरफ से स्वीकारे जाने की बात हो।

# टूर्नामेंट (महिला) में आईडीसीपीई कॉलेज बनी चैम्पियन



**कामठी.**

एस.के. पोरवाल कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित इंटर कॉलेजिएट फुटबॉल टूर्नामेंट महिला 2024-25 के अंतिम दिन आईडीसीपीई कॉलेज ने जीत हासिल कर चैम्पियन बनी. फाइनल मैच में आईडीसीपीई ने एनएमडी कॉलेज गोंदिया को (2-1) से हराया.

दोनों टीमों ने अच्छा खेला लेकिन मैच के पहले ही मिनट में आईडीसीपीई की लड़कियों ने स्टैनज़िन ल्हामो (जे.एन. 30) के माध्यम से पहला गोल किया और पहले हाफ में 7 मिनट में दूसरा गोल भी किया. दूसरे हाफ में एनएमडी कॉलेज की लड़कियों ने अच्छा खेल दिखाया और 29वें मिनट में अश्विनी बालाधरे (जे.नंबर 8) ने गोल किया.

अंतिम स्कोर में आईडीसीपीई कॉलेज ने एनएमडी गोंदिया को (2-1) से हराकर सर्वश्रेष्ठ रहा.

आज तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच में हिसलोप कॉलेज ने डीएनसी कॉलेज को (3-0) से हराया. सभी गोल दूसरे हाफ में हुए. गोल स्कोर द्वारा सेजल सोनारे (जे नंबर 15) - 23 मिनट, निधि वर्मा (ज.सं. 7)- 28 मिनट, वेदिका मौर्य (जे नं 5) - 30 मिनट रहा. आयोजित फायनल मैच दौरान मुख्य अतिथि एस.के.पोरवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण ने आईडीसीपीई कॉलेज चैम्पियन ट्रॉफी पर प्रदान किया. इस मौके पर एस.के. पोरवाल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. मनीष चक्रवर्ती, टूर्नामेंट के शिक्षक प्रभारी डॉ. इंद्रजीत बसु, शैलेश रामटेके, महेश इरपाटे सहित टूर्नामेंट के अधिकारी - इब्राहिम खान, फहीम अख्तर, मोहम्मद उमर, अमीर हमजा आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें. टूर्नामेंट के शिक्षक प्रभारी डॉ. इंद्रजीत बसु ने बताया कि गुरुवार से 2.30 बजे ट्रायल रिपोर्टिंग रहेगी.

# राउत का खान व मेहर ने किया सत्कार



**नागपुर.**

विधानसभा चुनाव मे उत्तर नागपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विजय हुए महाविकास आघाडी कॉग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार डॉ. नितिन राउत को साल व पुष्प गुच्छा देकर उनका सत्कार कर उन्हे जीत कि बधाई देते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कॉग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कि सचिव व गरीब नवाज खिदमत कमेटी कि मुख्य संयोजक शायदा अहमद खान,नागपुर शहर कॉग्रेस कमेटी ब्लॉक 15 के अध्यक्ष मूलचंद मेहर,नागपुर शहर कॉग्रेस कमेटी माथाडी कामगार विभाग के महासचिव व गरीब नवाज खिदमत कमेटी के अध्यक्ष आहद खान कादरी, ईस मौके पर शायदा खान ने कार्यकर्त्ताओ और राहगीर को मिठाईया बाटी सत्कार कार्यक्रम मे जाहिद शेख, असहद खान कादरी, नसीमा बाजी, रेहाना बाजी नूरजहाँ अन्सारी, रुबीना खान,इन्तेहस काज़ी आदि ने डॉ. नितिन राउत को जीत की बधाई दी

# विश्वकर्मा जयंती पर श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन



**सौंसर.**

विश्वकर्मा जयंती पर अखंड हरिनाम भागवत कथा सप्ताह का आयोजन होगा। इस संबंध में विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण मे समाज बंधुओ की हुई बैठक में यह निर्णय लिया है । समाज सदस्यो ने आगामी 10 फरवरी को प्रभु श्री विश्वकर्मा जयंती पर सर्वसम्मति से इस आयोजन का प्रस्ताव लिया है । बैठक में संरक्षक प्रभाकर लुढ़ेकर, हरि वरुडकर , शंकरराव वरुडकर ,रामेश्वर सुपटकर, रवि येऊतकर, सुरेश कोलमकर, देवराव येलकर,अनमोल आकोटकर, मनोज येऊतकर, नरेश आकोटकर, गणेश आकोटकर, प्रमोद मोहनकर, कोमलजी घोटेकर, उमाशंकर येऊतकर,सुरेश आकोटकर,उकण्डराव आकोटकर,सुरेखा ताई वरुडकर, मीणा येलकर जयश्री ताई आकोटकर और समाज बंधु उपस्थित थे ।

# श्री ज्ञानेश्वर महाराज समाधि का हुआ आयोजन



**दिग्रस.**

संत ज्ञानेश्वर महाराज सेवा समिति दिग्रस की ओर से स्वर्गीय वामनराव राऊत की प्रेरणा से ज्ञानेश्वर महाराज समाधी समारोह सप्ताह का आयोजन किया गया है स्थानीय ज्ञानेश्वर महाराज मंदिर में इस मौके पर रामायण कथा सहित हरी कीर्तनकार आयोजन किया है. बुधवार 28 नवंबर से आगामी बुधवार 5 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे. ह भ प हरीओम महाराज निंबोलकर शास्त्री रामायण कथा प्रवक्ता के तौर पर रोजाना दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रामायण कथा प्रस्तुत करेंगे. वहीं रोजाना सुबह 8 से 11 बजे तक हभप प्रसभुदास म. ठाकरे ग्रंथराज ज्ञानेश्वरी पारायण का व्यासपीठ नेतृत्व करेंगे.

इसके अलावा या विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है. 3 दिसंबर रात्रि को ह भ प हरीओम महाराज निंबोलकर के हरिकर्तन का आयोजन किया गया है. आगामी 4 दिसंबर को रात्रि समय वणीभूषण वाल्मीकि पुरस्कृत गुरुवर्य रामराव महाराज ढोक द्वारा हरिकर्तन संपन्न होगा. इसी कड़ी में 5 दिसंबर को नारायण महाराज शिंदे का सुबह 9 से 11 बजे काल्याचे कीर्तन होगा. इसके बाद यहां महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया है. उपरोक्त कार्यक्रमो में मृदंग सम्राट हभप रोहन महाराज शिंदे भी मौजूद रहेंगें. गौरतलब है कि संत ज्ञानेश्वर महाराज सेवा समिति दिग्रस की ओर से यहां बीते 27 वर्षे यह आयोजन जारी है. उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बतौर संयोजक हभप जयराम महाराज गावंडे, व्यवस्थापक दत्तात्रय इरतकर सहित स्थानीय वारकरी संप्रदाय के सदस्य अथक प्रयास कर रहे है.

# वाहन तथा चालक पुलिस की हिरासत में

## > 43 टन रेत जब्ती




**कोंढाली.**

हाल ही में काटोल, मार्ग पर कोढाली पुलिस स्टेशन के. हेड कांस्टेबल राजिक शेख और कांस्टेबल गोविंद मैंद पेट्रोलिंग पर थे.इस दरममियान कोंढाली- काटोल मार्ग के कलकुही शिवार होता हुआ , रेत भरकर काटोल की ओर जा रहा था. गश्त कर रहे पुलिस को वाहन निरीक्षण के दौरान एमएच-31-एफ सी4000 मालवाहक ट्रक रेत से भरा हुआ मिला। वाहन में रेत परिवहन कि रायलटी तथा अधीनस्थ खनिज खनन लाइसेंस के की जांच के लिये, पुलीस द्वारा मांग की, लेकिन वाहन चालक के पास कोई रॉयल्टी नहीं मिली। रेत से भरे वाहनों के निरीक्षण के दौरान काटोल तहसीलदार राजू रणवीर कोंढाली से काटोल की ओर जा रहे थे,

जब उन्होंने पुलिस से इस रेत से भरे वाहन के निरीक्षण के बारे में पूछा गया तब पुलिस द्वारा रेत परिवहन के जांच की जानकारी तहसीलदार को दी. तहसील द्वारा भी कोढाली के राजस्व मंडल अधिकारी को भी जांच रिपोर्ट मांगी . साथ ही रेत भरे वाहन में अनियमितता पाये जाने पर रेत भरे वाहन को पुलिस स्टेशन में जमा करने के निर्देश दिये. इस के लिये कोढाली पुलीस तथा कोंढाली मंडल के राजस्व निरीक्षक सूरज सद्दकर और राजस्व सहायक राजेंद्र सरोदे ने वाहनों का वजन किया और विभिन्न अनियमितताओं की रिपोर्ट तहसीलदार राजू रणवीर को सौंपी दी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार वहन में वाहन सहित वहन में43 टन रेत से भरा है.वाहन में भरे रेत के परीवहन रायलटी भी नहीं होने से वाहन सहित काटोल नाका नागपुर के चालक खुशाल केवलराम बैज (34) को हिरासत में लिया गया है. और आगे की जांच थानेदार राजकुमार त्रिपाठी, पीएसआई धवल देशमुख, हेड कांस्टेबल शेख राजीक, कांस्टेबल गोविंद मैंद द्वारा की जा रही है। साथ ही पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के बारे में जानकारी रिजस्व विभाग को भेज दी गयी है.

# लावा में मनाया गया संविधान दिन



**वाड़ी.**

ग्राम पंचायत लावा कार्यालय में 'संविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच जोत्सना सुजीत नितनवरे की ग्राम पंचायत लावा में मुख्य उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में उपसरपंच रोबिन दुर्वाजी शेलारे, सुजीत नितनवरे (पूर्व जिला परिषद सदस्य), सुनंदा चोखांड्रे, धनवंती भिवंकर,शीला गोलाइत, कपिल खडसे,संतोष शेंडे,आकाश पवार, सुभाष डोईफोडे, रामकृष्ण धुर्वे, अनुराग वानखेड़े, चरणदास ढोंगड़े, सूर्यवंशी पाटिल, प्रतिभा मेश्राम, सरिता गवई, भारती डोइफोडे, रूपाली वानखेड़े, स्वाति सोनबावणे, सारिका सलामे आदि उपस्थित थे।

–अशोक बौद्ध विहार सोनबानगर में 75वा संविधान दिवस मनाया गया।

लावा ग्राम पंचायत की सरपंच जोसना नितनवरे, पूर्व पंचायत समिति उपाध्यक्ष सुजीत नितनवरे, पूर्व ग्राम पंचायत उपसरपंच अनिल पाटिल, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य राजू धरगावे, विजय बर्वे, सुनिता मेश्राम, ग्राम कार्यक्रम में पंचायत सदस्य संतोष शेंडे,पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य शुक्राचार्य मेश्राम, महिला मंडल उपस्थित थे। सदस्य सरिता गवई, उप सचिव किरण पाटिल, ज्योति भोटकर, शयाताई शेंडे, शालिनी शेंडे, यशोधरा गजभिये, मधुरी हडके, बंदुभाऊ भोटकर, बालक घुटके, दिलीप शेंडे, बंदुभाऊ चन्नेकर, और सांबानगर से बुद्ध उपसक और बुद्ध उपसीका उपस्थित थे।संचलन और धन्यवाद मुकुंद हाडके, सिद्धार्थ घोड़ेश्वर ने माना।

# जन जातीय अभियान शिविर संपन्न



**सौंसर.**

आदिवासी अंचल की ग्राम पंचायत डुकरझेला के आश्रित ग्राम रामुढाना में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जातीय उन्नत ग्राम अभियान शिविर सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य वंदना नामदेव इवनाती, सरपंच राखी इवनाती प्रमुख रूप से उपस्थित थी। अवसर पर इवानाती ने शासन स्तर पर आदिवासीयों के उत्थान के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कृषि विभाग के माध्यम से किसानों को बीज का भी वितरण किया गया। पंचायत समन्वय अधिकारी छत्रपति कवलाते, षैलेन्द्र बागडे, सचिव अनिल चौरे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# सूने मकान से नकदी सहित आभूषण उड़ाए

**गोंदिया।**

शहर थाना अंतर्गत कुंभार टोली निवासी फरियादी प्रमिला देवानंद दामले (62) के सुने मकान से किसी अज्ञात चोर ने नगद राशि सहित कुल 72 हजार 100 रुपए के आभूषण चोरी कर लिए। जिसमें सोने के आभूषणों का भी समावेश है। यह घटना 24 नवंबर को घटी। फरियादी की रिपोर्ट पर शहर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (3), 331 (4), 305 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार भाटिया कर रहे है।

# हार्डनेस टेस्टिंग विषय पर तकनीकी परिसंवाद आयोजित







**नागपुर.**

एएसएम इंटरनेशनल पुणे चैप्टर और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में "ऑटोमोटिव टेस्टिंग सॉल्यूशंस, मेटल, प्लास्टिक और इलास्टोमर पर टेन्साइल टेस्ट और ऑटोमोटिव एप्लिकेशन के लिए हार्डनेस टेस्टिंग" विषय पर एक तकनीकी परिसंवाद आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ज़्विक रॉयल कंपनी, जर्मनी से संदीप मुलिया, प्रादेशिक विक्रय प्रबंधक और गिरीश श्रमोण, सहायक विक्रय प्रबंधक ने ज़्विक रोएल और उसके उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ऑटोमोटिव उद्योगों में मटेरियल टेस्टिंग पर ज़्विक रोएल द्वारा प्रदान किए गए समाधानों की जानकारी दी।

इस परिसंवाद में नागपुर के करीब 32 उद्योगों के अधिकारी उपस्थित हुए। एएसएम इंटरनेशनल इंडिया के उपाध्यक्ष भीमसेन गलगली और सॉल्व यूएसए के अध्यक्ष डॉ. नवीन मंजूरी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। लघु उद्योग भारती, नागपुर के सहसचिव निरंजन निरपूरकर और नागपुर प्रोजेक्ट की स्थानीय प्रबंध समिति के सदस्य हेमंत अंबासेलकर और श्रीकांत गाडगे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कमिन्स कॉलेज के सभी एचओडी, डीन, प्रोफेसर और छात्र भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिंद खानापूरकर के मार्गदर्शन में और प्रोफेसर योगेश दांडकर के द्वारा किया गया।

# ससुर, साले ने दामाद को कुल्हाड़ी से मारा

**जिमलगट्टा.** पारिवारिक विवाद के कारण दामाद की उसके ससुर और साले ने हत्या कर दी. यह रोमांचक घटना रविवार की रात करीब 10 बजे अहेरी तालुका के मरपल्ली में घटी. मृतक का नाम शंकर पोशालू कांबले (38, निवासी वेंकटरावपेथा, जिला सिरोंचा) है। शंकर कांबले की पत्नी पिछले कुछ दिनों से अपने मायके मारपल्ली में रह रही थी. शंकर कांबले कभी-कभी मरपल्लीआते जाते रहता था। वह अपनी पत्नी और ससुर से विवाद करता था। रविवार को भी दामाद और ससुर के बीच विवाद हुआ। बहस बढ़ गई और ससुर पेंटा पोचा कुमारी और साले सुखराम पेंटा कुमारी ने शंकर के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। सिर पर चोट लगने से शंकर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। खबर है कि पुलिस ने दोनों आरोपियोंको हिरासत में ले लिया है और मरापल्ली पुलिस निरीक्षक शशिकांत दासुरकर के मार्गदर्शन में आगे की जांच कर रही है.

# जाम नालियां दे रहीं बीमारियों को दावत...

## नगर निगम प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है



**गढ़चिरौली.**

गढ़चिरौली शहर को नगर परिषद का दर्जा मिले कई साल बीत चुके हैं. लेकिन शहर की समस्याओं का समाधान अब तक नहीं होने से शहरवासियों में लगातार प्रशासन के प्रति आक्रोश बना हुआ है. सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक सीवेज ले जाने वाली नालियों की है। शहर के कई वार्डों में बंद नालों का निर्माण कराया गया है. इन बंद नालियों की नियमित पंपिंग की कमी के कारण गंदगी और बदबूदार वातावरण पैदा हो गया है। शहर के विकास के नाम पर जहां जरूरत नहीं थी वहां बंद नालियां बना दी गईं। लेकिन, नालों की अनदेखी से नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है।

स्थानीय नगर परिषद प्रशासन इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए शहरवासियों द्वारा तत्काल कदम उठाने की मांग बार बार की जा रही है. तत्कालीन प्रशासन ने शहर के हर वार्ड से गंदे पानी की निकासी के लिए खुली नालियों का निर्माण कराया था। इसके बाद जैसे ही शहर विकास के नाम से नगर परिषद प्रशासन को करोड़ों का फंड मिला. इस फंड के तहत शहर विकास के नाम पर नगर निगम प्रशासन ने संबंधित सार्वजनिक नालियों को तोड़ दिया और जहां आवश्यकता नहीं थी वहां बंद नालियों का निर्माण किया। हालाँकि, यह सत्यापित नहीं किया गया है कि संलग्न नाली का निर्माण करते समय अपशिष्ट जल का उचित निपटान होगा या नहीं।

नतीजा यह है कि बंद नालियां पूरी तरह जाम हो गई हैं। साथ ही, वर्षों से नालों की नियमित पंपिंग की उपेक्षा के कारण अपशिष्ट जल के प्रवाह में बाधा उत्पन्न हुई है। इससे कई नागरिकों के घरों के सामने गंदगी फैल गयी है. इस प्रकार गढ़चिरौली शहर के दुर्गंधयुक्त साम्राज्य ने महामारी को तीव्र करके नागरिकों के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर दी है। इस मांग पर जोर दिया जा रहा है कि नगर निगम प्रशासन इसकी गंभीरता को समझे और तत्काल कदम उठाये.

# नर्मदा की पद परिक्रमा 1 से प्रारंभ



**सौंसर.**

राष्ट्रीय संत गुरुदेव विवेक महाराज द्वारा देवी मां नर्मदा की पद परिक्रमा 1 दिसंबर से प्रारंभ करने वाले हैं इसके पूर्व उन्होंने जाम सावली स्थिति चमत्कारी हनुमान जी के प्रतिमा पर पूजा अर्चना किया तथा बोरगांव स्थित क्रांतिपीठ में भगवान शिव की आराधना किया नर्मदा पद परिक्रमा ज्योतिपीठ ओंकारेश्वर मे पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ की जावेगी पद परिक्रमा में बड़ी तादाद में भाविक भी सम्मिलित हो रहे हैं नर्मदा परिक्रमा में करीब 4 माह का समय लगने की संभावना है मां नर्मदा परिक्रमा हेतु सभी तैयारी पुरी की जा रही है

# दुर्घटनाओं के बाद जागा प्रशासन

## > अवंती चौक पर बनाए जा रहे ब्रेकर

**गोंदिया.**

गोंदिया शहर के रानी अवंती चौक एक्सीडेंट पॉईंट के नाम से जाना जाने लगा है। क्योंकि यहां प्रतिमाह एक दो सड़क दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। इस चौक पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में अब तक अनेक लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। 24 नवंबर को भी चौक पर दुर्घटना घटित हुई थी। जिसमें एक व्यक्ति जखमी हो गया था। इससे पूर्व भी यहां पर घटित सडक दुर्घटना में एक महिला शिक्षिका को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। गोंदिया शहर से तिरोड़ा मार्ग पर पड़नेवाले इस चौक पर दिन रात भारी वाहनों का आना जाना हमेशा लगा रहता है। साथ ही यहां अस्पताल आदि भी होने के कारण दिन रात लोगों की भीड़ होती है। जिसके चलते यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।

जिसे देखते हुए पिछले कई दिनों से स्थानीय नागरिक इस बात की मांग कर रहे थे कि वाहनों की स्पीड को नियंत्रित करने के लिए चौक पर स्पीड ब्रेकर अथवा सिग्नल लगाए जाए। लेकिन प्रशासन की नींद नहीं खुल रही थी। इस संबंध में नागरिकों ने स्थानीय विधायक सहित जनप्रतिनिधियों से भी अनेक बार मांग की और लोकनिर्माण विभाग को भी समस्या से अवगत कराया।

जिसके बाद अब प्रशासन जागा है एवं 26 नवंबर से इस मार्ग पर सड़क पर ब्रेकर बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। इससे यातायात नियंत्रित होने के साथ ही दुर्घटनाओं पर भी कुछ हद तक नियंत्रण लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 660-2 | 128-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 146-1 | 280-0 |
| प्रभात | 267-5 | 689-3 |
| प्रभात नाईट | 770-4 | 668-0 |
| डायमंड | 124-7 | 245-1 |
| मेन बाजार | 139-3 | - |
| मिलन डे | 550-0 | 126-9 |
| मेन रतन | 246-2 | 357-3 |
| कल्याण | 260-8 | 200-2 |
| राजधानी डे | 238-3 | 390-2 |
| राजधानी नाईट | 400-4 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 259-6 | 290-1 |